हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 27 जून 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 रांची से चिरमिरी जा रही यात्री बस अस्थाई शेड से टकराई












## जनप्रतिनिधियों ने विभागों की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल, जांच व कार्रवाई का रखा गया प्रस्ताव

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में स्कूल जतन योजना पर गरमाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में स्कूल जतन योजना के कार्य में की गई लापरवाही का मुद्दा गरमाया रहा। जिपं अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ ही सदस्यों ने हाउसिंग बोर्ड, आरईएस व शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इसके साथ ही बैठक में सरकार की कई योजना पर सवाल खड़े किए गए और धरातल पर योजना के क्रियान्वयन को लेकर रोष व्यक्त करते हुए योजनाओं में जिला पंचायत सदस्यों की समिति बनाकर जांच की बात सामान्य सभा की बैठक में उठायी गई। स्कूल जतन योजना, जल जीवन मिशन, डीएमएफ, जनपद पंचायत विकास निधि, 15वें वित्त, आंतरिक विद्युतीकरण सहित कई मुद्दों पर अधिकारियों को आज जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने घेर लिया जिसका जवाब अधिकारियों के पास नहीं था। अधिकारियों के जवाब से सदस्य काफी नाराज दिखे। आज जिपं सामान्य सभा की बैठक में जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने स्कूल जतन योजना के तहत अतिरिक्त कक्ष बनाने के नाम पर स्कूलों को तोड़ने और नए भवन नहीं बनने को लेकर नाराजगी जाहिर की। करोड़ो रुपए का टेंडर की प्रक्रिया व कार्य नहीं होने से राशि वापस जाने पर सदस्यों ने हाउंसिंग बोर्ड, आरईएस एवं शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर रोष जाहिर करते हुए कहा है कि 191 कार्य अप्रारंभ है, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और कार्रवाई भी होनी चाहिए। जिला पंचायत सामान्य सभा से राज्य सरकार को पत्र भी प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है जिससे की वापस गए रकम को जिला को उपलब्ध कराया जाए ताकि विद्यालयों में भवन की उपलब्धता हो सके। बैठक के दौरान नीट की परीक्षा में हुई धांधली के बाद सरगुजा के चयनित छात्र-छात्राओं ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- जल जीवन मिशन, डीएमएफ, 15वें वित्त सहित अन्य मुद्दों पर घिरे अधिकारी



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य।

### वन, राजस्व व नजूल भूमि के लिए बनेगी कमेटी

जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने जिपं सामान्य सभा की बैठक में महामाया पहाड़, घुटरापारा, खैरबार सहित अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों के वनभूमि, नजूल भूमि एवं राजस्व की भूमि पर कब्जे एवं अन्य विवाद के निपटारे हेतु कमेटी गठित करने का प्रस्ताव रखा। डीएफओ सरगुजा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाजसेवीयों, जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों एवं स्थानीय निगम एवं ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की कमेटी गठित कर विवाद के निपटारा की बात उठायी। इस प्रस्ताव को सामान्य सभा की बैठक में स्वीकार करते हुए इस पर पहल की बात की गई है।

### जागरूकता के नाम पर डीएमएफ से फूंके 46 लाख

जिपं सदस्य सुनिल बखला ने डीएमएफ मद से मैनपाट में मांझी मझवार में जागरूकता कार्यक्रम एवं मांझी मझवार युवाओं को जागरूकता एवं खेल गतिविधियों के लिए खर्च किए गए 20 लाख एवं 26.50 लाख रुपए का मामला सहित लगभग डीएमएफ के तीस लाख से रेडियो और छाता बांटने का मामला उठाते हुए कहा कि विभाग समस्त हितग्राहियों की जानकारी उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत सदस्यों की एक समिति बनाकर हम स्वयं मैनपाट में यह देखेंगे की जागरूकता के नाम पर खर्च किए गए लगभग 50 लाख से क्या बदलाव आया। वहीं छाता और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण किसे-किसे दिया गया।

### आंतरिक विद्युतीकरण पर उठे सवाल

बैठक में जिपं सदस्य राकेश गुप्ता ने जिले में चल रहे आंतरिक विद्युतीकरण की योजना में हो रही धांधली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि यह विद्युत विभाग से संबंधित कार्य है जिसमें विद्युत विभाग की तकनिकी स्वीकृति एवं सहमती पर ही कार्य किया जाना चाहिये क्यों कि बाद में यह विद्युत विभाग को ही हैण्डओवर होना है। ऐसे में विद्युत विभाग के जानकारी एवं स्वीकृति के बिना कराए जा रहे कार्यों से कभी भी कोई गंभीर हादसा अथवा कोई ऐसी परिस्थिति बनी तो इसकी जवाबदेही कार्य करने वाले पर तय की जाए। जिपं सामान्य सभा द्वारा सभी 7 जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि विद्युत विभाग के तकनिकी स्वीकृति एवं सहमति पर ही कार्य हो।

### पीएचई विभाग पर भड़के सदस्य

जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता ने पीएचई के रेट्रो फिटिंग, एकल जल योजना एवं सामूहिक योजना के कार्यों पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि पीएचई के अधिकारी बताते हैं कि कई गांवों में घर-घर पानी आ रहा है लेकिन हमारे सभी जिला पंचायत सदस्य इससे इंकार कर रहे हैं। सबका कहना है कि एक गांव भी ऐसा नहीं है जहां पानी पहुंचा है। ऐसे में यह करोड़ों रुपए की योजना सफेद हाथी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि अभी 1500 करोड़ से अधिक के कार्य जिले में चल रहे हैं, किसी भी कार्य की जानकारी के लिये जब पीएचई के ईई से संपर्क किया जाता है तो वे जिला पंचायत सदस्यों का फोन तक रिसिव नहीं करते और बैठक में उनके जो प्रतिनिधि आये हैं वे गोल-गोल जवाब देकर भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में अधिकारी सही जानकारी के साथ शामिल हो और जिपं सदस्यों को ऐसे गांव लेकर चले जहां निरंतर घर पर पानी पहुंच रहा है।

### अम्बिकापुर जनपद पंचायत के कार्य की जानकारी जनप्रतिनिधियों को ही नहीं

जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह एवं सदस्य राकेश गुप्ता ने जनपद विकास योजना एवं 15वें वित्त योजना के रुपए के बंदरबाट पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि जितनी राशि खर्च की गई उसका स्थल निरिक्षण हम सब करेंगे। इसके साथ ही कार्यों का पूर्ण भुगतान हुआ है मतलब साफ है कि यूसी-सीसी जारी हुआ है। निर्माण समिति की अगली बैठक में समस्त जानकारी लेकर जनपद व आरईएस के अधिकारी आयें। साथ ही यह भी जानकारी अगली बैठक में प्रस्तुत करें कि 15वें वित्त योजना एवं जनपद विकास निधि के कार्यों पर सहमति जिला एवं जनपद पंचायत के किस सामान्य सभा अथवा अन्य बैठकों में सदस्यों से सहमति ली गई।

# डाईट की तत्कालीन प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डाईट परिसर के अंदर बने सोख्ता गड्ढे में गिरने से चार वर्षीय बच्ची की मौत के मामले में अब पुलिस ने डाईट की तत्कालीन प्राचार्य के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज कर लिया है। मार्च महीने में हुई घटना के मामले में मर्ग जांच के बाद गांधीनगर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि जिला शिक्षा एवं शिक्षण संस्थान में नई शिक्षा नीति के तहत फाउंडेशन लिट्रेसी न्यूमरेसी(एफएलएन) के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला भंडार पारा में पदस्थ शिक्षिका कलावती युवने अपनी चार वर्षीया बच्ची ध्वनि युवने के साथ प्रशिक्षण लेने आई हुई थी। इस दौरान 12 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान ध्वनि युवने परिसर में खेल रही थी और खेलते हुए बच्ची परिसर में बने सोख्ता टंकी में गिर गई थी। टंकी को रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाया गया था और 5 फीट की टंकी में 4 फीट तक पानी भरा हुआ था। सबसे बड़ी लापरवाही यह हैं कि टंकी के मुंह को किसी जालीदार लोहे के ढक्कन से बन्द करने के बजाए प्लाई से बन्द किया गया था जो बारिश में पूरी तरह से सड़ गया था। यही वजह है कि बच्ची जब टंकी पर खड़ी हुई तो भार से प्लाई टूट गया और बच्ची पानी में चली गई। जब बच्ची मां को नजर नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई इस दौरान बच्ची की लाश पानी के अंदर मिली थी। इस मामले में डाईट प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। प्रकरण में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया था और मर्ग जांच के बाद अब गांधीनगर पुलिस ने तत्कालीन प्राचार्य श्रीमती शशि सिंह के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

- परिसर में बने टंकी में डूबने से हुई थी बच्ची की मौत, मर्ग जांच के बाद की गई कार्रवाई



# शराब के नशे में पिता करता था मारपीट, बेटे ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब के नशे में धुत माता पिता के बीच आए दिन होने वाले विवाद और मारपीट से नाराज पुत्र ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने पिता की ईंट और डंडे से बेदम पिटाई कर दी। मारपीट के बाद पिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को इस हत्याकांड का खुलासा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत मठपारा निवासी 45 वर्षीय इंदरलाल कुजूर आ. स्व. रूपसाय कुजूर अपनी पत्नी सुनीता कुजूर और बेटे सागर कुजूर के साथ रहता था। इस बीच 24 जून को सागर कुजूर ने अपने मामा वीरेंद्र कुजूर को फोन कर सूचना दी थी कि उसके पिता के सिर में गंभीर चोट लगी है और वे उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे है। सूचना मिलने पर जब वीरेंद्र कुजूर अस्पताल पहुंचा तो उसके जीजा की मौत हो चुकी थी और सिर व शरीर में गंभीर चोट के निशान थे ऐसे में उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान जब पुलिस ने मृतक के पत्नी सुनीता कुजूर का बयान दर्ज किया तो उसने पुलिस को बताया कि मृतक इंदरलाल कुजूर अक्सर शराब पीने के बाद पत्नी के साथ मारपीट करता था। घटना दिवस की रात भी जब उसका पुत्र सागर कुजूर मजदूरी कर घर लौटा तो शराबी पिता मां के साथ शराब के नशे में विवाद और मारपीट कर रहा था ऐसे में आए दिन होने वाले विवाद और मारपीट से आक्रोशित पुत्र ने घर में रखे ईंट से अपने पिता के सिर पर वार कर दिया और जब इंदरलाल कुजूर जमीन पर गिर गया तो आरोपी ने डंडे और लात से उसकी बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से इंदरलाल कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद आरोपी पुत्र घर से भाग गया। अगली सुबह जब युवक घर लौटा तो देखा कि उसक पिता की तबियत बिगड़ गई है ऐसे में आनन फानन में वह खुद ही पिता को लेकर अस्पताल पहुंचा था लेकिन इस दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने 22 वर्षीय सागर कुजूर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पहले आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन अंततः उसे अक्सर विवाद व मारपीट से तंग आकर पिता की पिटाई करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईंट व डंडा को जब्त करने के साथ ही आरोपी सागर कुजूर को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- ईंट व डंडे से की बेदम पिटाई, जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल के नए उप प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में आठवें उप प्राचार्य के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास ने पदभार ग्रहण किया। लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीनिवास अत्यंत अनुभवी और उच्च शिक्षित अधिकारी हैं। इन्होंने मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर के बाद एमफिल एवं पीएचडी में आवार्ड हासिल किया है। उन्होंने भारतीय थल सेना से वाईओ, जेसी, टीओ, एईसी, जेओ, इनफर्मेन वारफेयर कोर्स आदि किया है। लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीनिवास ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में फोरबेन एवं क्वार्टर्स में अपनी सेवाएं दिए हैं उन्होंने सियाचिन, कश्मीर का लद्दाख सेक्टर, भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून व ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में प्रशिक्षक एवं 21 एसएसबी में साईकोलॉजिस्ट के पद पर कार्य करना शामिल है। लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास को प्रतिबद्ध एवं उत्तम सेवा के लिए जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन डॉ.चीफ कमंडेशन कार्ड मिल चुका है।



### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 6 तक

**अंबिकापुर।** आदिवासी विकास अम्बिकापुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीट रिक्त है, जो परिवर्तनशील है। रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा लेटरल एंट्री के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र 21 जून से 6 जुलाई रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकते हैं। भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 7 से 9 जुलाई तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगी। प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट से अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रशासकीय अधिकारी प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर एवं समस्त संयोजकों से प्राप्त कर सकते हैं।

# नकली चेन देकर जेवर व्यावसायी से डेढ़ लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जेवर दुकान में नकली सोने का हार देकर लगभग डेढ़ लाख रुपए के सोने का नकली हार ठगी करने का मामला सामने आया है। व्यवसायी के दुकान में आए ठगों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बड़ी बात यह है कि ठगों द्वारा मध्यप्रदेश में भी इसी तरह से ठगी की घटना को अंजाम दिए जाने की बात सामने है।

फिलहाल व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मायापुर निवासी राजा सोनी की सदर रोड में जगदम्बा आभूषण भण्डार के नाम से दुकान संचालित है। 20 जून को व्यवसायी के दुकान में दो अज्ञात व्यक्ति पहुंचे थे। इनमे से एक व्यक्ति ने अपना नाम सूरजपुर निवासी राजेश कुमार बताया था। युवकों ने दुकान से 17.860 ग्राम वजनी हार पसंद किया जिसकी कीमत 1 लाख 46 हजार 63 रुपए है। हार पसंद आने पर उन्होंने अपने गले से एक चेन निकालकर दिया और व्यवसायी को बताया कि चेन को ना गलाया जाए क्यों कि दो दिनों में वे सोने के चेन की पूरी राशि देकर अपना चेन ले जाएंगे। ठगों द्वारा दिए गए चेन पर सोने की परत थी और हॉल मार्किंग भी की गई थी ऐसे में व्यवसायी भी युवकों के झांसे में आ गया लेकिन जब 22 जून को दोनों युवक नहीं लौटे तो शक के आधार पर उसने चेन के एक टुकड़े को गला कर देखा तो पता चला कि उक्त चेन नकली है। व्यवसायी के अनुसार इसी तरह की घटना 9 जून को कोतमा में भी हुई है जहां एक व्यक्ति ने अपना नाम राजेश कुमार बताया था। वहीं 20 जून को शहर के सीपी ज्वेलर्स में भी ठगी करने की कोशिश की गई थी लेकिन वे असफल रहे। व्यवसायी द्वारा दुकान के सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### गांजा खपाने के फिराक में घूम रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार

**लखनपुर।** पुलिस मादक पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर धर-पकड़ कर रही है। प्रशासन द्वारा नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के बावजूद मादक पदार्थों की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। ग्राम पुहपुटरा में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक आरोपी सोहन दास आ.धनसाय उम्र (39 वर्ष) मंगलवार को गांजा बेचने घूम रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा युवक की तलाशी ली। तलाशी में आरोपी के पास से 260 ग्राम गांजा तथा 500 रूपये नगद बिक्री की रकम जब्त किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट 20 बी के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक एलआर चौहान, अमरेश दास, रमाशंकर पावले आदि उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आज

**अंबिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में 27 जून को वाणिज्य विभाग द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्यापार और वाणिज्य के नए उभरते आयाम विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक माननीय राजेश अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प. सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वंशगोपाल सिंह व नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य प्रो. संजय तिवारी शामिल होंगे। इस अवसर पर संगोष्ठी का बीज वक्तव्य प्रो. शोभित बाजपेई, डायरेक्टर स्कूल ऑफ़ स्टडीज इन मैनेजमेंट एंड कामर्स प. सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय द्वारा दिया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने कहा कि यह संगोष्ठी छात्रों तथा शोधार्थियों के लिए कैरियर के नए आयाम खोलने में सक्षम होगी। वहीं संगोष्ठी के संयोजक डॉ. एके गौर ने बताया कि संगोष्ठी में उदघाटन और समापन सत्र सहित चार तकनीकी सत्र होंगे जिसमे पूरे देश के विद्वान शामिल होंगे।

# अवैध रूप से कोयला परिवहन करते दो वाहन जब्त

**राजपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से कोयला परिवहन के मामले में दो वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कोयला को जब्त किया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान टिपर क्रमांक सीजी 15 एसी 5674 का चालक मरकाडांड निवासी 22 वर्षीय आकाश सांडिल्य आ. जरमन व टिपर क्रमांक सीजी 30 बी 2119 का चालक मरकाडांड स्कूल पारा निवासी नामिक कुमार आ. जूठन राम अगरिया महेंद्र जायसवाल के ईंट भट्ठा से ग्राम दुप्पी के एक व्यक्ति के कहने पर कोयला लोड कर अंबिकापुर की ओर लेकर जा रहे थे। दुप्पी निवासी व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर बात कर उन्हें कोयला उठाने और फिर अंबिकापुर क्षेत्र में डंप करने को कहा था। पूछताछ के दौरान चालक कोयला से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में पुलिस ने कोयला को जब्त कर लिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध कोयला परिवहन में जो भी संलिप्त पाए जाएंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में आरक्षक संतोष सिंह, हरि डनसेना, सैनिक सुशील यादव सक्रिय रहे।



## स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी बच्चों व अभिभावकों का किया गया स्वागत

# शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चों को वितरित की गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को नवीन शिक्षा सत्र की शुरूआत होने के साथ ही स्कूलों में बच्चों की किलकारियां गूंजने लगी है तथा स्कूलों की रौनक बढ़ गई है।

ग्रीष्मावकाश छुट्टी के बाद बुधवार से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत की गई। पूर्व में भीषण गर्मी पड़ने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल की छुट्टी बढ़ा दी थी। नए शिक्षा सत्र से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में भारी उत्साह देखा गया। प्रथम दिन शिक्षकों ने बच्चों एवं अभिभावकों का स्वागत किया गया। नए शिक्षा सत्र में बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से पूर्व में ही स्कूलों में सामग्री पहुंचा दी गई है। सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे व अभिभावक पढ़ाई में रूचि नहीं लेते तथा छोटे-छोटे बच्चों को मवेशियों को चराने जंगल भेज देते है। शिक्षक हर साल ऐसे बच्चों को पकड़कर स्कूल ले आते हैं तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाते हैं। ऐसे अधिकांश बच्चे बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ देते हैं। विभाग ने ऐसे बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से घर-घर संपर्क कर उन्हें स्कूल ले आते हैं। दूरस्थ क्षेत्र के ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार कड़ी मशक्कत करने की जरूरत पड़ेगी।



### गणवेश का किया वितरण

इस बार प्रशासन द्वारा समय पर ड्रेस व पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश उपलब्ध कराया गया है।

### प्रथम दिवस श्रमदान

विभाग द्वारा निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को गणवेश एवं पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। बुधवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराया गया। प्रथम दिवस शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्कूल परिसर की साफ-सफाई की।

### नवाचार से होगी पढ़ाई

शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को नवाचार के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराने का निर्देश दिया गया है। अब शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए नवाचारों का उपयोग करेंगे। शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

### 80 नग नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सरगुजा पुलिस ने 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद करने साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि गौरव पथ मौलवी बांध के समीप शुभम सिंह नामक युवक प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर पंजाब गार्डन के पीछे रहने वाले 25 वर्षीय शुभम सिंह केराम को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से 80 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से नशीला इंजेक्शन व घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक सीजी 10 डीजेड 6654 को जब्त कर धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से उप निरीक्षक आभाष मिंज, आरक्षक रिंकू गुप्ता, रमन मण्डल शामिल रहे।



26 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 6/26/2024 10:12 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### रामगढ़ महोत्सव में हुआ कवि सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** रामगढ़ महोत्सव में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। वरिष्ठ कवि डा.सपन सिन्हा ने अपने काव्य पाठ से गोष्ठी की शुरूआत की। सम्मेलन में वरिष्ठ कवि एसपी जायसवाल, डॉ.योगेन्द्र गहरवार, राजलक्ष्मी पाण्डेय, विनोद हर्ष, पूनम दुबे "वीणा", अंचल सिन्हा, अनिता मंदिलवार, सीमा तिवारी, संतोष सरल, मुकुन्दलाल साहू, अजय शुक्ल "बाबा" मीना वर्मा, राजेश पाण्डेय, कृष्णमोहन निगम, राजेश पाण्डेय, देवेन्द्रनाथ दुबे, कृष्णकांत पाठक, अम्बरीश कश्यप, अजय सागर, जयंत खानवलकर, शायर-ए-शहर यादव विकास ने रामगढ़ की ऐतिहासिकता, सुंदरता एवं प्रभु श्रीराम की यात्रा से संबन्धित उत्कृष्ठ कविताओं का पाठ किया। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक रवि तिवारी और जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज ताइक्वांडो सेंटर प्रथम



**अंबिकापुर।** सरगुजा ताइक्वांडो संघ दवरा जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज परिसर स्थित ताइक्वांडो सेंटर में आयोजित प्रतियोगिता में 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 34 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 9 ने रजत व 5 ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज ताइक्वांडो सेंटर प्रथम तथा पुलिस लाइन ताइक्वांडो क्लब द्वितीय स्थान पर रहा। अब सरगुजा के खिलाड़ी रायगढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस दौरान जिला प्रबंधक दीपेंद्र यादव,जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव अशोक तिर्की, सीनियर कोच नितिन श्रीवास्तव, गन्नू खत्री, आदित्य मुंडा, सर्वर इक्का सहित जिलेभर के खिलाड़ी मौजूद थे।

### बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले में इन दिनों बिजली विभाग की मनमानी चरम पर है। आए दिन बिजली कटौती होने के कारण ग्रामीण इलाकों में परेशानी बढ़ गई है। सूरजपुर जिला मुख्यालय के नजदीक के दर्जनों गांव में पिछले तीन महीने से बिजली की आंख मिचौली चल रही है। इस संबंध में पूछताछ करने पर अधिकारी कहते है कि फाल्ट आ गया है। पिछले तीन महीने से बिजली कटौती को लेकर यही रटा रटाया जवाब दे रहे हैं। विद्युत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। दरअसल सूरजपुर जिला मुख्यालय के नजदीक महंगवा ग्राम रामनगर, रूनियाडीह, सरस्वतीपुर, रामपुर, सोहागपुर, करंजी, खरसुरा समेत दर्जनों गांव में पिछले तीन महीने से बिजली की आंख मिचौली चल रही है। अघोषित विद्युत कटौती के कारण किसान, व्यवसायी, स्टूडेंट्स, बच्चे सब परेशान है। मानसून से पहले बिजली विभाग द्वारा मेंटनेंस के नाम पर हर रोज बिजली काटा जा रहा था। ऐसे में विभाग के बड़े अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लग रहे है। कर्मचारी लगातार फाल्ट के नाम पर बिजली काट रहे है तथा व्यवस्था दुरूस्त करने की पहल नहीं कर रहे है। इसी कड़ी में रामनगर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे और सहायक अभियंता बीएस मरकाम से मुलाकात कर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। सप्ताह में व्यवस्था नहीं सुधरने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान राहुल जायसवाल, बृजलाल टेकाम, पारसलाल प्रजापति, गोवर्धन केवंट, दीपेश कुशवाहा, पारसनाथ सिंह, संजय मानिकपुरी, अनोज यादव, सोनू यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, सड़क सुरक्षा को बढावा देने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने हैलमेट, सीट बेल्ट व ड्रिंक एण्ड ड्राइव केस को लेकर शक्ति बरतते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में ब्लैक स्पॉट व डेथ ऑडिट बिंदुओं को लेकर भी महत्त्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने पुलिस विभाग के साथ संबंधित विभागों को समय समय पर सयुंक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में स्कूल बसों की जॉच, सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं का यातायात संबंधी प्रशिक्षण, सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले साईन बोर्ड एवं होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई, सड़कों-फुटपाथ तथा पार्किंग स्थलों में अतिक्रमण, सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले आवारा पशुओं को हटाने के संबंध में कार्ययोजना, प्रकाश की व्यवस्था, सड़कों में सड़क सुरक्षा उपाय इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की हुई मौत

# अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की गई जान, तीन की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना, आग से झुलसने व सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि सड़क दुर्घटना में ही गंभीर हुए पांच लोगों गई जान जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

**खास बात**
- सभी मामलों में पुलिस ने किया मर्ग कायम

जानकारी के अनुसार गांधीनगर में किराए के मकान में रहकर काम कर रहे चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कापारा निवासी संजय कुमार आ. राजेश पनिका (30 वर्ष) मंगलवार को बाइक से अकेले प्रतापपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही युवक खड़गवां जंगल के समीप पहुंचा तभी उत्तर प्रदेश प्रयागराज से जगन्नाथ मंदिर दर्शन करने जा रहे कोराव थाना अंतर्गत बडोखा निवासी अरविंद सिंह आ. लवकुश सिंह (20 वर्ष), धीरज व अखिलेश सिंह के बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी चारों युवक घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर खड़गवां पुलिस घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत संजय कुमार व अरविंद सिंह को घोषित कर दिया जबकि घायल धीरज व अखिलेश का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। दूसरी घटना में प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमन दोन घुटरापारा निवासी राजेश सोन्हा आ. हरिचरण (22 वर्ष) रविवार को ग्राम मानी से अकेले बाइक से घर लौट रहा था। बाइक सवार ग्राम बरोल के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी विरेन्द्र सिंह आ. बरतलाल (24 वर्ष) मंगलवार को मां मनीषा व बहन खुशबू के साथ बाइक से प्रतापपुर किसी काम के सिलसिले में गया था। दोपहर को मां व बहन के साथ बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम भोटगंगा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां बेटा गंभीर रूप से जबकि बहन को मामूली चोटें आई। घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मां बेटा की हालत गंभीर होने मेडिकल कॉजेल अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने घायल वीरेन्द्र को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया जबकि मां व बहन का उपचार जारी है। वहीं मंगलवार की दोपहर ग्राम लुडेग अंतर्गत कछार निवासी संदीप लकड़ा आ. जंतु लकड़ा (21 वर्ष) किसी काम के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 16 सीआर 2562 से बतौली क्षेत्र आया था। दोपहर को ग्राम बासेन से मंगारी जा रहा था और जैसे ही एनएच 43 सेदम बाजार डांड़ के समीप पहुंचा तभी सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीजेड 0990 चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को बतौली थाने में ले जाकर खड़ा कर दिया। इधर पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।



एनएच पर युवक का शव।

### आग से झुलसे युवक की गई जान

प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम केदारपुर निवासी देवधन आ. सुधराम (27 वर्ष) का पिछले एक साल से दिमागी हालत ठीक नहीं था। मंगलवार की सुबह गांव ढोढ़ी के समीप गया था। इसी दौरान युवक खुद पर केरोसिन डाल कर आग लगाने के बाद ढोढ़ी में कूद गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे प्रेमनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### सर्पदंश से दो बहनों की मौत

चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोवर्धनपुर निवासी संजना आ. मोती अगरिया (14 वर्ष) बीती रात बहन सुमन के साथ जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया। सुबह दोनो बहने उल्टी करने लगी जिसे देख परिजन दोनों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुमन की मौत हो गई। चिकित्सकों ने संजना की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन संजना को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।



## दिवंगत शिक्षक की पत्नी को केबिनेट मंत्री ने दिया एक लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के शिक्षकों द्वारा चलाई जा रही संयुक्त संवेदना योजना अंतर्गत भैयाथान विकासखण्ड के मिडिल स्कूल बुंदिया में कार्यरत दिवंगत शिक्षक स्व. रामलखन सिंह की पत्नी टुवी देवी सिंह को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने निवास वीरपुर में संयुक्त संवेदना समिति की ओर से एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया है।

समिति के सचिव राधे साहू ने बताया कि समिति के संचालक व छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ सूरजपुर के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने योजना से जुड़े शिक्षकों के साथ महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर उन्हें शिक्षक हित में चलाई जा रही इस योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कैबिनेट मंत्री ने संयुक्त संवेदना योजना समिति तथा इससे जुड़े शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि मानवता की दिशा में शिक्षकों की यह योजना प्रशंसनीय व अनुकरणीय है। संघ जिलाध्यक्ष ने जिले में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक के रिक्त पद पर पदोन्नति सहित प्रदेश में व्याख्याता से प्राचार्य के पदों पर लंबित पदोन्नति शीघ्र किए जाने हेतु मांग रखी, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। संवेदना राशि प्रदान करने में गिरिवर यादव, भुवनेश्वर सिंह, नवीन जायसवाल, जय कुमार गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, भुवनेश्वर सिंह, राधेश्याम साहू, आशीष यादव, रामज्ञान सिंह, नवीन जॉन, दीपन राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।



## विधायक ने बाजार भ्रमण कर लोगों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

साप्ताहिक बाजार डांड़गांव में विधायक राजेश अग्रवाल ने साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर लोगों से भेट की। बाजार में आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया।

- मौके पर किया समस्याओं का निराकरण

ग्राम गुमगा निवासी दिव्यांग विपिन कुमार गुप्ता के विधायक से नए ट्राई साइकिल मांग की तो विधायक ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्रामीणों के अन्य समस्याओं का विधायक राजेश अग्रवाल ने निराकरण किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों ने मुझे विधायक बनाया है आप लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं होगी, मेरी पहली प्राथमिकता जनता, गरीब तबके के लोगों का सेवा करना है। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में बन रहे पक्के बाजार शेड निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान रामजतन यादव, राम विशाल सिंह, बसंत यादव, अमित दास, दुर्गेश साधे,अजित राजवाड़े, बिगन दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनपद पंचायत सीईओ ने किया विभिन्न निर्माण का निरीक्षण

**कुसमी।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय ने विकासखंड के आदिवासी दुरस्त अंचल क्षेत्र ग्राम पंचायत चटनियां, झलबासा, जिगनिया, चैनपुर, धनेशपुर, आसान पानी, सोनपुर में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक पांडेय ने मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, आरईएस विभाग के सब इंजीनियर सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के साथ विभिन्न ग्राम पंचायत पहुंचे जहां लोगों से चर्चा की। उन्होंने रोजगार गारंटी के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रधान मंत्री आवास, जन मन योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्य सड़क, पुलिया, सीसी रोड सहित ग्राम पंचायत के अंतर्गत चल रहे शासन के योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया तथा बेहतर तरीके से समयावधि में कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में पूछकर त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

## अंग्रेजी शराब में मिलावटखोरी मामले में आबकारी की दो सदस्यीय जांच टीम गठित

**बिश्रामपुर।** करीब पांच दिन पूर्व शिवनन्दनपुर कम्पोजिट दूकान स्थित मिलावट खोरी करके ब्रांडेड कंपनी के नाम पर स्पिरिट मिलाकर हानिकारक व जानलेवा नकली अंग्रेजी शराब तैयार करने मामले में सूरजपुर आबकारी विभाग द्वारा जांच टीम गठित कर दी गई है।



उक्त दूकान में तैनात दो सुरक्षा कर्मी क्रमशः करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुदामानगर निवासी 32 वर्षीय देवकरण आ. लालजी सिंह व ग्राम पंचायत केशवनगर 25 वर्षीय विवेक उर्फ विशाल आ. बृजकुमार रवि द्वारा शराब दुकान के पीछे स्थित गार्ड रूम के पास ब्रांडेड कंपनी की अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी की जा रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते दोनों सुरक्षा कर्मियों को पकड़ लिया था। मामले में अब जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली सिंह मार्कण्डेय द्वारा गड़बड़ी की जांच हेतु दो सदस्यीय सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल व आबकारी निरीक्षक प्रदीप वर्मा की संयुक्त जांच टीम गठित कर दी है। साथ ही टीम के अधिकारियों से जल्द ही जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शुरुआती दिनों से ही इस बात का आरोप लगाया जा रहा है कि संचालन कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी इसमें शामिल हैं, मौके से भारी मात्रा में शराब ब्रांड के नये ढक्कन व स्पिरिट इसका प्रमाण देते हैं, वहीं दूसरी तरफ सूरजपुर आबकारी विभाग मामले में अभी अनजान बनी हुई है और अभी कुछ भी कहने से बच रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त मामले में एक बड़े गैंग के शामिल होने की आशंका है। अब गठित टीम की जांच प्रक्रिया उपरांत ही वस्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

## नए कानून को बारीकी से समझना आवश्यक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



1 जुलाई को लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता से लोगों को परिचित कराने के लिए आज ऑडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिले के नागरिक, नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत के सदस्य व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- ऑडिटोरियम में हुआ नवीन न्याय संहिता पर सेमीनार

1 जुलाई से लागू हो रही नवीन संहिताओ के बारे में जिला अभियोजन से कानून के जानकार सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रदीप चंद्राकर, शशांक कुमार व जयदेव कुर्रे ने नवीन कानून संहिताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नवीन न्याय संहिता को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने नए कानून की बारीकियों को समझने पर जोर दिया। उन्होंने कहा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से लोगों को मिलने वाली न्याय प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव आएगा। कानूनों में किए गए बदलाव में वर्तमान परिप्रेक्ष्य व वरियता क्रम का विशेष ध्यान रखा गया है। जिससे लोगों की सुविधाओं में विस्तार हो और साथ ही उन्हें त्वरित न्याय मिल सकें।

एडिशनल एसपी संतोष महतो ने नवीन कानून के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पुलिस विभाग के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। पूरी पुलिस व्यवस्था एक प्रकार से तीनों कानूनों पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि नवीन कानून के आने से आपराधिक मामलों में अब फॉरेंसिक टीम की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और आपराधिक मामलों का त्वरित निपटारा किया जा सकेगा। सेमिनार में सत्यनारायण जायसवाल, श्रीमती मंजू सिंह, नागरिक व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेष नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी ने बिना सूचना अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित दो आरक्षकों को किया बर्खास्त

**अंबिकापुर।** बिना किसी सूचना के एक व डेढ़ साल से अनुपस्थित दो आरक्षकों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई की है। आरक्षकों के अनुपस्थित रहने पर उनकी गैरहाजरी को अर्जित अवकाश में शामिल कर सुधार का मौका भी दिया गया लेकिन इसके बाद भी आरक्षकों की आदत में सुधार नहीं हुआ और नोटिस का जवाब भी देना उचित नहीं समझा ऐसे में अब एसपी ने लापरवाही और अनुशासन हीनता को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि आरक्षक क्रमांक 224 विष्णु दयाल सिंह सीतापुर थाने में पदस्थ था जबकि आरक्षक क्रमांक 512 प्रवेश मंडल रक्षित केंद्र में पदस्थ था और दोनों आरक्षक बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। पुलिस के अनुसार आरक्षक विष्णु दयाल सिंह 3 मार्च 2023 से आज दिनांक तक कुल 481 दिनों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा जबकि आरक्षक प्रवेश मंडल 30 जून 2023 से आज दिनांक तक कुल 362 दिनों तक अनुपस्थित है। दोनों आरक्षकों के खिलाफ आरोप पात्र जारी कर विभागीय जांच की गई।

विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद दोनों आरक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और विभागीय जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया गया लेकिन आरक्षकों ने विभागीय जांच में सहयोग नहीं किया और ना ही जांच के लिए उपस्थित हुए। पुलिस के अनुसार पूर्व में भी आरक्षकों के गैरहाजिर रहने पर उन्हें आदतों में सुधार का मौका देने के लिए गैरहाजिर अवधि को अर्जित अवकाश में शामिल किया गया था लेकिन सुधार के कई अवसर देने के बाद भी आरक्षकों में कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसे में आज एसपी योगेश पटेल ने आरक्षक 224 विष्णु दयाल सिंह एवं आरक्षक 512 प्रवेश मंडल को सेवा से पृथक कर दिया है इसके साथ ही उनके गैरहाजिर अवधि को काम नहीं वेतन नहीं के आधार पर निराकृत किया गया है।

## आपातकाल एवं लोकतंत्र की हत्या पर हुई भाजपा की संगोष्ठी

# आज भी आपातकाल लोकतंत्र पर काले दाग की तरह है : रामसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज तथा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के आपातकाल एवं लोकतंत्र की हत्या विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता पूर्व गृहमंत्री श्री पैकरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में आज ही के दिन देश में आपातकाल की घोषणा कर सभी के अधिकारों की आजादी छीन ली गई थी। 25 जून की रात्रि को मीसा कानून लागू किया गया था जिसके तहत महीनों तक हजारों लोगों को गिरफ्तार कर जेल में यातनाएं दी गई। हम उस दिन को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। आज भी आपातकाल लोकतंत्र पर काले दाग की तरह है। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि आपातकाल वास्तव में काला दिवस था जिसने न जाने कितने घर परिवारों को तबाह किया। मीसा बंदियों ने सालों जेल में रहकर संघर्ष किया जिसे शब्दों में बयान करना कठिन है। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का ऐसा काला अध्याय है जिसे कांग्रेस पार्टी भुलाना चाहती है परंतु देश याद रखना चाहता है ताकि भविष्य में कभी भी आम आदमी के अधिकारों को छीनने का ऐसा कोई दूसरा प्रयास न हो। जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि आपातकाल के समय जनसंघ के नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। देवेश्वर सिंह, प्रभु नारायण त्रिपाठी, बाल किशन सिंह सहित जिले में कई ऐसे नेता हैं जिन्होंने आपातकाल की विभीषिका झेली है। इस दौरान वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अंबिकेश केशरी, हरपाल सिंह, आलोक दुबे, मधुसूदन शुक्ला, विकास पाण्डेय, निर्मल पाण्डेय तथा किरण सोनी ने भी अपने विचार रखे। विनोद हर्ष ने मीसा बंदियों पर अपनी रचना पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन विश्वविजय सिंह तोमर ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री देवनाथ पैकरा, राजकुमार बंसल, करताराम गुप्ता, मुरारी बंस, फुलेश्वरी सिंह, विजय व्यापारी, सोनू तिग्गा, शरद सिन्हा आदि उपस्थित थे।



### स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अलोकतांत्रिक था आपातकाल



**राजपुर।** लोकसभा चुनाव व आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने को लेकर भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभाग प्रभारी राजा पांडेय, विधायक श्रीमती उद्धेशवरी पैकरा शामिल हुई। संभाग प्रभारी श्री पांडेय ने कहा कि जब तक लक्ष्य को लेकर के नहीं चलेंगे तब तक लक्ष्य पूर्ण नहीं होगा। हमने 400 पर का नारा दिया और विपक्षी दल 400 के पीछे भागने लगे। आज 25 जून हम सभी काला दिवस के रूप में मनाते हैं। आपातकाल के 50 वर्ष आज पूर्ण हो रहे हैं। कांग्रेस की सरकार ने 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सिफारिश पर आपातकाल लागू किया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में या सबसे विवाद परस्त और अलोकतांत्रिक काल था जिसमें राजनीति से जुड़े लोग व प्रेस सभी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अच्छे परिणाम प्राप्त हुए थे किंतु लोकसभा चुनाव में हमें कुछ कम मत पड़े।इसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है। बैठक में गौरी शंकर अग्रवाल, संजय सिंह, प्रवीण अग्रवाल, अनिल तिवारी, मनोज बंसल, उदय यादव, अनिल द्रुबे, संजय जायसवाल, भरत सेन, आशीष केशरी, प्यारेलाल जायसवाल, गुप्ता सतीश, सिंह संतोष पाण्डेय, जगावंशी यादव सहित अन्य मौजूद थे।

